an>

Title: Need to provide compensation to farmers who lost their crops due to hailstroms in Kota Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा)ः मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी के अंतर्गत आने वाले कई गाँवों में जनवरी के महीने में हुई ओलावृष्टि से धनिये, सरसों और लहसुन की फसलों को भारी नुकसान पहुँचा है एवं कई जगहों पर फसले पूर्णतया चौपट हो गई हैं। झालावाड, सीसवाली, मांगरोल समेत कई अन्य गाँव ओले की चपेट में आए हैं एवं इस वजह से वहाँ के किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। ओलावृष्टि से धनिये की फसल काली पड़ गई है। सरसों एवं लहसुन भी तबाह हो गए हैं।

मेरी केन्द्र सरकार से माँग है कि प्रभावित क्षेत्रों में फसल नुकसान का सर्वे राज्य सरकार के साथ मिलकर कराया जाए एवं मौसमी मार से किसानों की तबाह हुई फसल के एवज में उन्हें उचित मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाए।